प्रादेशिक समाचार

दिनांक–19.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य में सियासी हलचल तेज हो गयी है। सभी राजनीतिक दलों की बैठकों का दौर जारी है। इस बीच सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा आज प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती है। इससे पहले रांची में एनडीए घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग के फार्मूले की घोषणा करते हुए पार्टी के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह चुनाव सत्ता के लिए नहीं है बल्कि झारखंड की अस्मिता बचाने का चुनाव है।

****

झामुमो ने कहा है कि झारखंड में भाजपा, आजसू, जदयू और लोजपा का गठजोड़ टिकने वाला नहीं है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि भाजपा और आजसू प्रत्याशियों की सूची जारी होते ही एनडीए बिखर जायेगा।

****

विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही भाजपा राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ और अक्रामक हो गयी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर हेमंत सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। श्री मरांडी ने यह भी कहा है कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही स्नातक और स्नातकोत्तर पास युवाओं को प्रतिमाह 2 हजार रुपए का भत्ता दिया जाएगा।

****

रामगढ़ जिले में मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान लगातार जारी है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता मधु कोड़ा को दिल्ली हाईकोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें श्री कोड़ा ने कोयला घोटाला मामले में उन्हें निचली अदालत से दोषी ठहराये जाने के फैसले को रद्द करने की मांग की थी। हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद श्री कोड़ा विधानसभा चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार पर बेवजह एसएलपी दायर करने पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। अदालत ने कहा कि इस तरह के एसएलपी दायर किए जाने से समय की बर्बादी होती है. अदालत ने यह भी कहा है कि जिन अधिकारियों की वजह से ऐसे एसएलपी दायर होते हैं, उनसे पैसे वसूला जाए और भवि ष्य में बिना किसी ठोस साक्ष्य के एसएलपी दायर नहीं किए जाएं, उसे सुनिश्चित करें।

****

इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री से कहा है कि वे सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को गंभीरता से लें और जिन अधिकारियों ने दुभ्रावना से ग्रसित होकर ऐसे एसएलपी दायर किए हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए पैसे की वसूली की जाए।

****

राज्य सरकार द्वारा पन्द्रह वर्ष पूराने हो चुके सभी सरकारी वाहनों का स्क्रैप किया जाएगा. परिवहन विभाग ने राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए निर्णय के बाद इसकी अधिसूचना जारी कर दी है. अब ऐसे वाहनों को निबंधित व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी के तहत स्क्रैप करेगा।

****

सरायकेला–खरसांवा जिला पुलिस ने कुचाई थाना क्षेत्र के लोपटा गांव में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लगभग चार हजार लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ ब्रांडेड शराब कंपनियों के बोतल, कार्टून और स्टिकर भी बरामद किए।

****

तीरंदाज़ी विश्वकप फ़ाइनल 2024 आज से मेक्सिको में शुरू होगा। भारत की ओर से इसमें पांच खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिनमें एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम, ओलिम्पिक खिलाड़ी झारखंड की

दीपिका कुमारी और धीरज बोम्मदेवरा तथा प्रियांश और प्रथमेश फुगे शामिल हैं। पुरुषों की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धाएं आज भारतीय समयानुसार रात साढ़े नौ बजे से शुरू होंगी। इसमें कुल 32 तीरंदाज भाग लेंगे।

*******समाप्त**********